# बालमन

Powered by Teachers of Bihar




वर्ष 2024

माह मार्च

अंक 27

प्रधान संपादक :- धीरज कुमार [U.M.S. सिलौटा , भभुआ (कैमूर)]


Dheeraj Kumar- +91 9431680675

Teachers of Bihar - +91 7250818080

info@teachersofbihar.org | teachersofbihar@gmail.com

www.teachersofbihar.org

# कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ)

शिक्षा भवन, भागीरथी मुक्ताकाश मंच भभुआ,

(मो०-8544411411 email-deokaimur.edn@gmail.com)




## "शुभकामना संदेश"

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि विद्यालय के छात्र/छात्राओं को जागरूक बनाने तथा प्रतिभावान बच्चों के प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न स्तर पर करने के उद्देश्य से **"बाल मन कैमूर"** पत्रिका का मासिक प्रकाशन किया जा रहा है।

इस प्रकार के प्रकाशन, बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।

आशा है कि इस पत्रिका से बच्चे, शिक्षक एवं समाज में साकारात्मक सोंच विकसित होगा।

मैं सुमन शर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर इस उपयोगी लेखन के लिए बधाई देते हुए **"बाल मन कैमूर"** के प्रकाशन की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(सुमन शर्मा)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
कैमूर (भभुआ)

# सम्पादकीय

# प्यारे बच्चों,



## नमस्कार

किस्मत के पन्ने वही पलटते हैं जो मेहनत करते है और अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ाने हेतु निरंतर गतिशील होते है। आप सभी जिस तरह से बालमन से जुड़ कर अपनी प्रतिभा और कला को हम तक पहुंचाते हैं,राज्य स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर सभी को पसंद आ रही है। धीरे -धीरे आपकी प्रतिभा मे भी निखार आ रहा है। हमे अपार खुशी के साथ कहना हैं कि टीचर्स ऑफ बिहार के पांच वर्ष और बालमन के दो वर्ष पूरे होने पर आयोजित टैलेंट हंट कॉम्पिटिशन में आप सभी ने बहुत अधिक भागीदारी दी है।

बच्चो !दिन - प्रतिदिन बालमन टीम द्वारा प्राप्त पोस्ट से आपके उत्साह को देख कर मुझे बहुत खुशी हो रही है। पत्रिका के इस अंक को आपको समर्पित करते हुए हमे बहुत खुशी हो रही है। आज का जमाना सोशल मीडिया का है।यदि आपके पास कला है तो उसे अपने शिक्षको से जरूर साझा करे और बालमन की टीम के माध्यम से उसे जरूर हम तक जरूर पहुंचाए।इसके साथ ही मासिक टैलेंट सर्च प्रतियोगिता में शामिल होने के लिएआप सभी को धन्यवाद।

हमारी TOB बाल मन कैमूर पत्रिका की टीम बेहतर से बेहतर करने के लिए सदा प्रयत्नशील है।अनजाने में कोई भूल या त्रुटि हुई हो तो उसके लिए हम क्षमाप्रार्थी है।हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

आपका
धीरज कुमार
उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा
भभुआ( कैमूर )
मो . 9431680675

TEACHERS OF BIHAR

बालमन

# सहयोगी सदस्य

माह : दिसम्बर

**बालमन चांद प्रधान संपादक :** प्रमोद कुमार "निराला"
( कन्या मध्य विद्यालय चांद )

**बालमन कुदरा प्रधान संपादक :** कमलेश कुमार
( U.H.S. हरदासपुर , कुदरा )

**विज्ञान कॉर्नर:** राजेश कुमार सिंह
(महाबल भृंगनाथ +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय कोरिगांवा बहेरा ,भभुआ)

**दर्शनीय स्थल सह रोचक गणित :** कुमार राकेश मणि
(UHS कोटा, नुआंव )

**शिक्षण अधिगम सामग्री :** अवधेश राम
(UMS बहुआरा, भभुआ)

# Teachers of Bihar

## अनमोल विचार

बालमन

किसी इंसान का स्वभाव ही उसे विश्वसनीय और लोकप्रिय बनाता है न कि उसकी संपत्ति।

**अरस्तू**



राकेश कुमार

# बिहार राज्य प्रार्थना गीत

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रूक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

एम. आर. चिश्ती

www.teachersofbihar.org

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

- सत्यनारायण

# टीचर्स ऑफ बिहार गीत

एम आर चिश्ती

चांद तारों को साथ लाएंगे,
हम बहारों को साथ लाएंगे।

जैसे आती नहीं नज़र दुनिया,
हम बनाएंगे वो हंसी दुनिया,
हौसला और अपनी मंजिल से,
सब नज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

प्रेम की रोशनी जो बिखरेगी
और प्रतिभा सबकी निखरेगी,
खींच लेंगे गगन से इंद्रधनुष
बहते धारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

हम हैं निर्माता अपने भारत के,
पूरे करने हैं सपने भारत के
हम कलम के वही सिपाही है
जो हजारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे....

हमने माना, टीचर्स ऑफ़ बिहार
दीप ऐसा जलाएगा इस बार,
हम नवाचारी शिक्षा की रह में
बेसहारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

www.teachersofbihar.org

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन प्रेरक प्रसंग

मार्च 2024

## प्रकृति

दो लड़के बाग में खेल रहे थे।तभी उन्होंने एक पेड़ पर जामुन लगे देखें। उनके मुंह में पानी भर आया। वे जामुन खाना चाहते थे लेकिन पेड़ बहुत ऊंचा था। अब कैसे खाएं जामुन ? समस्या बड़ी विकट थी।
एक लड़का बोला- “कभी-कभी प्रकृति भी अन्याय करती है। अब देखो, जामुन जैसा छोटा-सा फल इतनी ऊंचाई पर इतने बड़े पेड़ पर लगता है और बड़े-बड़े खरबूजे बेल से लटके जमीन पर पड़े रहते हैं।”

दूसरे लड़के ने भी सहमति जताई। वह बोला- “तुम ठीक कहते हो, तुम्हारी बात में दम है लेकिन मेरी समझ में यह बात नहीं आई कि प्रकृति ने छोटे-बड़े के अनुपात का ध्यान क्यों नहीं रखा। अब यह भी कोई तुक हुई कि इतना छोटा-सा फल तोड़ने के लिए इतने ऊंचे पेड़ पर चढ़ना पड़े। मेरा तो मानना है कि प्रकृति भी संपूर्ण नहीं।”
तभी अचानक ऊपर से जामुन का एक गुच्छा एक लड़के के सिर पर आ गिरा। उसने ऊपर की ओर देखा लेकिन कुछ बोला नहीं।

तभी दूसर लड़का बोला- “मित्र ! अभी हम प्रकृति की आलोचना कर रहे थे और प्रकृति ने ही हमें सबक सिखा दिया। सोचो जरा, यदि जामुन के बजाए तरबूज गिरा होता तो क्या होता ? शायद तुम्हारा सिर फट जाता और शायद फिर बच भी न पाते।”
“हां, प्रकृति जो भी करती है अच्छा ही करती है।” वह लड़का बोला जिसके सिर पर जामुन का गुच्छा गिरा था।

सोशल मीडिया से

# पद्य पंकज

"

जो अगणित लघु दीप हमारे
तूफानों में एक किनारे,
जल-जलाकर बुझ गए किसी दिन
माँगा नहीं स्नेह मुँह खोल
कलम, आज उनकी जय बोल।

**रामधारी सिंह दिनकर**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar

# बालमन

मन की बात



बालमन पत्रिका बहुत ही अच्छी लगती है।
वैसे तो पूरी पत्रिका अच्छी लगती है लेकिन हमसभी बच्चो के तस्वीर और पेंटिंग को सबसे पहले देखते है क्योंकि इसमें अपनी फोटो या पेंटिंग को देख कर बहुत अच्छा लगता है।थैंक यू बालमन।



परिधि कुमारी
वर्ग 5
उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा
(भभुआ)कैमूर

30 सेकंड में 5 अंतर खोजे

आप तैयार है न......






Teachers of Bihar
The change makers

अमरेन्द्र कुमार

# कालका शिमला रेलवे



कालका और शिमला के बीच चलती है। रेलवे 95.66 किमी (59.44 मील) लंबा है, और इसका गेज संकीर्ण 2 फीट 6 इंच (762 मिमी) है। शिमला हिमाचल प्रदेश की आधुनिक राजधानी है और हिमालय की तलहटी में 2,205 मीटर (7,234 फीट) की ऊंचाई पर है। यह १८६४ में ब्रिटिश भारत की ग्रीष्मकालीन राजधानी बन गया, और इसने भारत में ब्रिटिश सेना के मुख्यालय के रूप में भी कार्य किया।

रेलवे के निर्माण तक, शिमला के लिए एकमात्र पहुंच गांव के कार्टवे द्वारा थी। रेलवे लाइन का निर्माण दिल्ली-अंबाला-कालका रेलवे कंपनी द्वारा किया गया था, जिसकी शुरुआत 1898 में शिवालिक पहाड़ियों में हुई थी, और 1903 में पूरी हुई थी।

कालका-शिमला रेलवे में 103 सुरंगें और 864 पुल हैं। कई पुल बहु-धनुषाकार हैं, जो प्राचीन रोमन एक्वाडक्ट्स की याद दिलाते हैं, और एक पुल, जो 18.29 मीटर (60.0 फीट) तक फैला है, प्लेट गर्डर्स और स्टील ट्रस के साथ बनाया गया है। इसका सत्तारूढ़ ढाल 1:33 या 3% है, और इसमें 919 वक्र हैं, जो सबसे तेज 48 डिग्री (37.47 मीटर (122.9 फीट) का त्रिज्या) पर है। शिमला में ट्रैक 656 मीटर (2,152 फीट) से 2,076 मीटर (6,811 फीट) की ऊंचाई तक चढ़ते हैं। लाइन पर सबसे लंबी सुरंग बरोग सुरंग (नंबर 33) है, जो 1,144 मीटर (3,753 फीट) लंबी है, जो दगशाई और सोलन को जोड़ती है। टकसाल, गुम्मन, और धरमपुर में लूप चापलूसी ढाल प्राप्त करने में मदद करते हैं।

कालका-शिमला रेल 2008 में विश्व धरोहर स्थल के रूप में नीलगिरी और दार्जिलिंग लाइनों में शामिल हो गया।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



भूटान एक ऐसा देश है, जहां सरकार सबको घर देती है और ये गारंटी कि इस देश में कोई भूखा नहीं रहेगा. इस देश में आपको ना तो कोई भिखारी मिलेंगे और ना कोई बेघर. हर किसी के पास अपने मकान हैं. यहां के लोग आमतौर पर खुश जीवन गुजारते हैं. सबसे बड़ी बात ये भी है कि यहां इलाज एकदम मुफ्त है. दवाओं का खर्च भी सरकार ही उठाती है. एशिया का कोई देश अपने लोगों को ऐसी गारंटी या जीवन नहीं देती, जो यहां पर है.

# ToB बालमन कलाकार

## भाग - 1



UHS Narahan,ramgarh
kaimur



NPS SEMARIYA
AKHLASPUR (KAIMUR)
Gopi kumari



राजकीय मध्य विद्यालय नेउरी, बरौली
गोपालगंज



UMS AMDHA
भभुआ, कैमूर



प्राथमिक विद्यालय
मोहम्मदपुर, मोहनियां(कैमूर)




उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा, भभुआ, कैमूर

# ToB बालमन कलाकार भाग 2




UHS सलथुआ, कुदरा (KAIMUR)



सुमित्रा कुमारी वर्ग 5

NPS बिंद टोला बेतरी, भभुआ ( कैमूर )



UHS दुघरा,भभुआ






नाम -रुपा कुमारी
विद्यालय -उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय सरौनी कला, ग्वालपारा मधेपुरा
वर्ग-6




# ToB बालमन नन्हें कलाकार भाग 3






प्राथमिक विद्यालय भरूहियां चांद, कैमूर
अभिमन्यु कुमार वर्ग 3




नंदिनी कुमारी, मनीषा कुमारी, रजनी कुमारी
राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, कुचायकोट, गोपालगंज

# ToB बालमन कलाकार भाग 4



प्रप्राथमिक विद्यालय फुलवारी शरीफ , पटना



UHS रांटी, मधुबनी



U m s basaha, Chand, kaimur



UMS AMADHA, BHABHUA



अनुप्रिया कुमारी,वर्ग 8 UMS सिलौटा, भभुआ, कैमूर

# ToB बालमन कलाकार भाग 5



UHS रांटी, मधुबनी





बालमन, चांद से



UMS दुघरा, भभुआ



राजकीय मध्य विद्यालय नेउरी बरौली, गोपालगंज



प्राथमिक विद्यालय फुलवारी शरीफ, पटना

# रंगोली विशेष


UMS अर्रा,
मोहनियां,
कैमूर


UMS AMADHA,
BHABHUA


उर्दू प्राथमिक विद्यालय भागीरथपुर, के बच्चियों द्वारा
रंगीन चावल से बनाया गया चित्र


UHS
सोनवर्षा,
नुआंव


10 20 30 40 50 60 70 80 90 100
NPS बिंद टोला
बेतरी , भभुआ


न्यू प्राथमिक विद्यालय ढढ़नियां
भभुआ

# स्वास्थ्य सुझाव

अमरेंद्र कुमार




सोने से पहले इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को दूर रखना चाहिए क्योंकि यह हमारे दिमाग को नुकसान पहुंचाते हैं और सही से आराम नहीं करने देते हैं। इससे इलेक्ट्रॉनिक वेव्स निकलती हैं जो हमारे लिए खतरनाक होती हैं। ये मस्तिष्क और शरीर को कमजोर करती हैं।

ToB बालमन



# अज़ब-गज़ब

मार्च 2024



**1**

ब्लू व्हेल एक बार में 2 हजार गुब्बारे जितनी सांस ले भी और सकती है छोड़ भी सकती है

**2**

रविवार की छुट्टी सन् 1843 से आरंभ हुई।

**3**

शुक्र ग्रह का एक दिन पृथ्वी के एक साल के बराबर होता है।

**4**

एक रिसर्च के अनुसाएक  वर्ष में मनुष्य करीब 5 हजार 479 बार हंसता हैं।

**5**

हाथी एक ऐसा जानवर है जो कभी कूद नहीं सकता है।

स्रोत: सोशल मीडिया

ToB बालमन

मार्च 2024

# जरा मुस्कुरा भी दीजिए....

शिक्षक : बताओ दुनिया  का सबसे पुराना जानवर कौन है ?





एक छात्र : सर जेब्रा!

शिक्षक: जेब्रा।वो कैसे ?

छात्र : सर जेब्रा ब्लैक एंड व्हाइट है न कलर में नही हैं ।

टीचर:- “क्लास में लड़ाई क्यों नही करनी चाहिए..?”

संजू:-“क्योंकि पता नही एग्जाम में कब किसके पीछे बैठना पड़ जाये..!






# ToB बालमन आपके पेंटिंग भाग 1




UMS लेदरी, चांद, कैमूर




रोहित कुमार
UHS रांटी, मधुबनी



जयोति कुमारी,UHS SALTHUA, KUDRA, KAIMUR, CLASS-6



रूपाली कुमारी
वर्ग 6
राजकीय बुनियादी विद्यालय कल्याणपुर दुर्गावती कैमूर



शुभम कुमार वर्ग 6 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय छोटका कटरा मोहनियां कैमूर।

# ToB बालमन आपके पेंटिंग भाग 2



सौजन्य से: बालमंच
(आशीष सर द्वारा)
अररिया



NPS
SEMARIYA
AKHLASPUR
kranti Kumari




सौजन्य से: बालमंच
(निधि चौधरी)
किशनगंज



परिधि कुमारी
वर्ग 5
UMS सिलौटा, भभुआ, कैमूर

# ToB बालमन आपके पेंटिंग भाग 3

उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसहां, चांद, कैमूर




UHS कोटा, नुआंव, कैमूर






शुभम कुमार ,कक्षा 8 , UMS बड़हरिया (चांद) कैमूर

NPS सुहागा, किशनगंज








Anamika kumari ,class-7
U.H.S.narahan,ramgarh

# ToB बालमन
# आपके पेटिंग भाग 4





मानव हृदय का चित्र, आकृति कुमारी, वर्ग - 7, उत्क्रमित मध्य विद्यालय अर्रा, मोहनिया, कैमूर




धि कुमारी,वर्ग 5 ,UMS सिलौटा, भभुआ,



UHS कोटा, नुआंव, कैमूर




# ToB बालमन आपके पेंटिंग भाग 5









# पेन और पेंसिल आर्ट  भाग 1



विशाल कुमार 7 उत्क्रमित
उच्च माध्यमिक विद्यालय
छोटका कटरा मोहनियां



UMS AMDHA ,BHABUA





middle school bamhaur,Ramgarh, kaimur




सौजन्य से: ToB बालमंच

# पेन और पेंसिल आर्ट  भाग 2





बालमंच से





Ums bhatgaon-01, thakurganj,Kishanganj.



परिधि कुमारी
वर्ग 5
UMS सिलौटा, भभुआ, कैमूर




आस्मीन खातुन ,वर्ग-6,UHS SALTHUA, KUDRA, KAIMUR

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

8 मार्च

मधु प्रिया

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर वर्ष, 8 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है।वर्ष 1910 में कोपेनहेगन में कामकाजी महिलाओं द्वारा एक सम्मेलन का आयोजन किया गया था, इसी सम्मेलन में हर साल 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तौर पर मनाने का सुझाव दिया गया। क्लारा ज़ेटकिन नाम की एक महिला (जर्मनी में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए 'महिला कार्यालय' की नेता) ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का विचार रखा। यहीं से 8 मार्च के दिन दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का जश्न मनाया जाने लगा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2021 की थीम 'महिला नेतृत्व: कोविड-19 की दुनिया में एक समान भविष्य को प्राप्त करना' थी। वहीं अंतर्राष्ट्रीय महिला महिला दिवस 2023 की थीम है, 'डिजिटऑल इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फॉर जेंडर इक्वेलिटी'। इसका उद्देश्य उन महिलाओं और लड़कियों की पहचान करना है जो प्रौद्योगिकी और डिजिटल शिक्षा की उन्नति में योगदान दे रही है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस दुनिया भर के कई देशों में मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जब महिलाओं को राष्ट्रीय, जातीय, भाषाई, सांस्कृतिक, आर्थिक या राजनीतिक विभाजनों की परवाह किए बिना उनकी उपलब्धियों के लिए पहचाना जाता है।

/teachersofbihar

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

Satuday

## 09 मार्च

1. **जाकिर हुसैन का जन्म–** 9 मार्च, 1951 ई. को देश के प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन का जन्म हुआ था। जाकिर हुसैन अपने पिता को ही अपना गुरू मानते थे और उन्होंने दो–तीन साल के भीतर ही तबलावादन के ढेर सारे गुर सीख लिए। वह घंटो अभ्यास करते और महज 10 साल के उम्र में वह इसमें महारथ हासिल कर लिये। 1988 में वह 'पद्मश्री' से सम्मानित सबसे कम उम्र के व्यक्ति बने।
2. **यूरी गागरिन का जन्म–** अंतरिक्ष की प्रथम यात्रा करने वाले रूसी सोवियत पायलट और कॉस्मोनॉट यूरी गागरीन का जन्म 9 मार्च, 1934ई. को हुआ था। 12 अप्रैल, 1961 ई. को महज 27 साल के उम्र में यूरी गागरिन ने अंतरिक्ष में कदम रखकर इतिहास रच दिया। इसलिए प्रतिवर्ष 12 अप्रैल को 'इंटरनेशनल डे ऑफ ह्यूमन स्पेस फ्लाइट' मनाया जाता है।



जाकिर हुसैन

यूरी गगारिन



/teachersofbihar

Madhu priya

बालमन

# TOB बूझो तो जानें..

संजय कुमार


## मार्च 2024

**1**

रिंग है पर अंगुली नही।
मैं क्या हूं
पहचानो तो स्मार्ट माने।

**2**

हाथ आए तो सौ काटे,
जब थके तो पत्थर चाटे।
बूझो तुम मुझे यदि
तुम्हारे धार को हम माने।




**3**

बिन खाए,बिन पिए
सबके घर में रहता हूं ।
बिन हंसे,बिन रोए,
घर की रखवाली करता हूं।।


**4**

कभी बढ़ता हूं , कभी घटता हूं।
तुम्हारे साथ सदा मैं चलता हूं।।
तुम जैसे करते हो,नकल मैं भी
वैसा ही करता हूं

उत्तर 1-मोबाइल, 2- चाकू, 3-ताला 4- परछाई




www.teachersofbihar.org




www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar


The change makers

## दिवस विशेष

17 मार्च

मधु प्रिया

## कैमूर जिला की स्थापना 17 मार्च




कैमूर जिला 17 मार्च 1991 को रोहतास जिले से अलग होकर एक स्वतंत्र जिले के रूप में अस्तित्व में आया। 19 अगस्त 1991 से यह विधिवत स्वतंत्र जिले के रूप मे कार्यरत हो गया। कैमूर पर्वत श्रृंखला के नाम पर जिले का नामकरण हुआ। प्रारंभ में इस जिले में एक ही अनुमंडल था। लेकिन वर्तमान में भभुआ और मोहनियां दो अनुमंडल कार्यरत है। कैमूर जिले में कुल 11 प्रखंड है। छह प्रखंड भभुआ, भगवानपुर, रामपुर, अधौरा, चैनपुर एवं चांद भभुआ अनुमंडल में तथा पांच प्रखंड मोहनियां, कुदरा, रामगढ़, नुआंव और दुर्गावती मोहनियां अनुमंडल में है। कैमूर के पश्चिम में यूपी के चंदौली व सोनभद्र जिला, पूरब में बिहार का रोहतास जिला, उत्तर में यूपी का गाजीपुर, बिहार का बक्सर तथा दक्षिण में झारखंड का पलामू जिले स्थित हैं। कैमूर जिले की संस्कृति में उत्तर प्रदेश खास कर वाराणसी एवं बिहार की सांस्कृतिक और सामाजिक धाराओं का सम्मिश्रण है। काशी और मगध की प्राचीन एवं समृद्ध संस्कृतियों के बीच पनपी भोजपुरी संस्कृति में दोनों संस्कृतियों का मणिकांचन संयोग है। जिले की प्रमुख भाषा भोजपुरी और हिन्दी है। जिले का एक प्रखंड अधौरा पूर्ण रूप से कैमूर पर्वत श्रृंखला पर अवस्थित है। अनुसूचित जनजाति बहुल यह प्रखंड जहां एक तरफ अपने परिवेश के लिए विख्यात है वहीं यहां के आदिवासी और आदिम जनजाति अशिक्षा के जाल में जकड़े हुए हैं व मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। जिले के 1,06,300 हेक्टेयर भू-भाग में पहाड़ तथा जंगल का क्षेत्र है। यहां के दर्शनीय स्थलों में प्रमुख तेल्हाड़ कुंड जल प्रपात, अश्ररावण कुंड, ¨सघाय और जबाड़खोह जल प्रपात तथा गुफाओं में मिले अति प्राचीन भित्तचित्र है। कैमूर जिले में देश का प्राचीनतम पौराणिक स्थल मां मुंडेश्वरी का मंदिर है। जिसका निर्माण सातवीं शताब्दी में हुआ ऐसा माना जाता है। इसी के समकालीन मां चंडेश्वरी मंदिर है। हरसू ब्रह्मा एवं बख्तियार खिलजी का मध्यकालीन मकबरा भी जिले के गौरवशाली अतीत की याद दिलाता है। यहां देश-विदेश के पर्यटक दर्शनार्थी आते रहते हैं। कैमूर की मेहनती और कर्मठ संस्कृति की ही यह पहचान है कि आज यह क्षेत्र बिहार के मुख्य खाद्यान्न उत्पादक क्षेत्रों में गिना जाता है। यह कृषि प्रधान जिला है। जिले में उत्पादित सब्जी, दूध आधारित उत्पाद निकटवर्ती जिलों उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों के बाजारों में भेजे जाते हैं। यह जिला अपनी संपन्न और समृद्ध लोक परंपराओं, सांस्कृतिक विविधताओं तथा परंपरागत हस्तशिल्प पत्थर की मूर्तियों, कंबल, आकर्षक दरी, गलीचों, बनारसी साड़ियों और बीड़ी निर्माण के लिए भी जाना जाता है।

/teachersofbihar

# कैमूर जिला स्थापना दिवस समारोह












# कहानी

## जीवन एक प्यार या नफरत

एक छोटा बच्चा सोनू अपनी मां से नाराज होकर चिल्लाने लगा।मां"मैं तुझसे नफरत करता हूं"। उसके बाद पापा की मार खाने के डर से, घर से भाग गया। कुछ दूर जाने के बाद पहाड़ियों के पास जाकर चीखने लगा। मां,मैं तुझसे नफरत करता हूं, मां,मैं तुझसे नफरत करता हूं। और वही आवाज सोनू को सुनाई देने लगी। मां ,मैं तुझसे नफरत करता हूं, मां, मैं तुझसे नफरत करता हूं। सोनू ने ऐसी आवाज पहले कभी नहीं सुनी थी वह डर गया। डर कर वापस अपने घर चला गया। जाकर उसने अपनी सब बातें मां से बताई। सोनू की मां-सोनू की दास्तान समझ गई। सोनू के मां ने कहा कि फिर उसी पहाड़ी पर जाकर तुम चिल्ला कर बोलना। मैं तुमसे प्यार करता हूं ,मां,।मैं तुमसे प्यार करता हूं, मां। फिर सोनू उस पहाड़ी पर गया जाकर चिल्लाने लगा मैं तुमसे प्यार करता हूं मां, मैं तुमसे प्यार करता हूं मां ।वही आवाज गूंजी। इस घटना को सोनू ने आकर मां को बताई। सोनू की मां नें सोनू को बताया जो हम दूसरे को देते हैं वही हमें मिलता है।

सीख- हमारा जीवन भी उसी आवाज की तरह है। जो हम किसी को देते हैं हमें भी वही मिलता है।

प्रमोद कुमार निराला
क.म.वि. चांद, कैमुर,बिहार




# विश्व गौरैया दिवस

के अवसर पर प्रकृति की सुन्दरतम संरचनाओं में से एक गौरैया को इस धरा पर चहकने के लिए संरक्षित एवं आदर्श वातावरण देने का संकल्प करें।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

# ToB बालमन क्विज
## मार्च 2024

**1**

बिहार दिवस कब मनाया जाता है?

A. 22 मार्च B. 14 अक्टूबर
C. 08 मार्च D. 30 जनवरी

**2**

लंबाई का एस. आई. मात्रक क्या हैं ?

A.किलोमीटर B. सेंटीमीटर
C. मीटर D. मिलीमीटर

**3**

बिहार के वर्तमान शिक्षा मंत्री कौन हैं ?

A.तेजस्वी यादवB. अशोक चौधरी
C. विजय चौधरीD. सुनील कुमार

**4**

गोल गुंबज किस राज्य में स्थित हैं?

A.उड़ीसा B. कर्नाटक
C.गुजरात D. उत्तर प्रदेश

**5**

उड़ीसा से अलग हो कर बिहार अलग राज्य कब बना ?

A.01 मार्च 1919 B.01अप्रैल 1971
C. 22 मार्च 1912 D. 17 मार्च 1901

सही उत्तर: 1.A, 2.C,
3.D, 4.B, 5.C

धीरज कुमार
उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिलौटा भभुआ कैमूर




unicef

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

RAKESH KUMAR
MIDDLE SCHOOL BALUA MANER (PATNA)

### माह: मार्च

| | |
|---|---|
| प्रथम शनिवार<br>दिनांक 02.03.2024 | अगलगी से खतरे एवं बचाव के सन्दर्भ में जानकारी  |
| द्वितीय शनिवार<br>दिनांक 09.03.2024 | चक्रवाती तूफान / आँधी से खतरे एवं इससे बचाव के उपाय के बारे में सावधानी  |
| तृतीय शनिवार<br>दिनांक 16.03.2024 | डायरिया के सम्बन्ध में जानकारी तथा ओ. आर. एस. बनाने से सम्बन्धित कौशल प्रशिक्षण एवं अभ्यास  |
| चतुर्थ शनिवार<br>दिनांक 23.03.2024 | AES/JE से बचाव के बारे में जानकारी  |

किसी माह पांचवे शनिवार पड़ने की स्थिति में
बच्चों को स्वच्छता संबधित जानकारी देंगे एवं उसका अभ्यास करायेंगे।

**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org

### माह: अप्रैल

चाइल्ड हेल्पलाइन
1098

| | |
|---|---|
| प्रथम शनिवार<br>दिनांक 06.04.2024 | फोकल शिक्षक एवं बाल प्रेरकों का चयन |
| द्वितीय शनिवार<br>दिनांक 13.04.2024 | विद्यालय आपदा प्रबंधन समिति का गठन / पुनर्गठन |
| तृतीय शनिवार<br>दिनांक 20.04.2024 | हजार्ड हंट |
| चतुर्थ शनिवार<br>दिनांक 27.04.2024 | अगलगी से खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी  |


**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

www.teachersofbihar.org

UMS अर्रा, मोहनियां, कैमूर




# सुरक्षित शनिवार







UHS कोटा, नुआंव, कैमूर

# TEACHERS OF BIHAR

बालमन कविता

मार्च 2024

## गौरैया

सुबह सुबह चीं चीं करके
जग की जो नींद चुराती है
नन्हें नन्हें पंखों वाली
गौरैया कहलाती है ।

रहती हरदम साथ हमारे
मेरे घर के रोशनदान में
शीशे पर आकर बैठती
चुन-चुन कर दाने अनाज के ।

लाख करे मां जतन सफाई की
तिनके वो लाकर बिखेरती
घास-फूस औ तिनकों से
अपना नीड़ है स्वंय बनाती ।

संग हमारे फुदका करती
मुढ़ी चूड़ा चावल खाती
पापा जो बिस्किट हैं देते
वो बच्चों को देकर आती ।

बिजली के पंखें से टकराकर
घायल जब वो हो जाती है
उसके पंखों को सहलाती
मुनिया है अश्रुकण बहाती ।

गौरैया के लिए कटोरे में
हम जल रखना ना भूलें
पर्यावरण बचाना है तो
जीवन शृंखला सजा लें ।



चंदना दत्त
रांटी ,मधुबनी ,बिहार

# ToB बालमन कविता

मार्च 2024

## प्रेम रंग की होली

सद्भावों के रंगों से,
आओ खेलें होली।
प्रेम रंग में रंग जाएं,
बोलें मीठी बोली।।

चंग ढोल मंजीरे बजते,
छन रही भंग की गोली।
ठंडाई पीकर के भाई,
एक दूजे की पोल खोली।।

बरसाना में धूम मची,
लठमार देखो होली।
गोप गोपियाँ खेल रहे,
जमकर देखो होली।।

भाईचारे का पर्व है होली,
आओ सभी मनाएं हम।
जाति धर्म से ऊपर उठ,
मानव धर्म निभाएं हम।।

भर मुट्ठी गुलाल उड़ी,
महक उठी गली गली।
रंग भर पिचकारी में,
दौड़ रही है देखो टोली।।

शुभांगी शर्मा
बाल कवयित्री
श्रीराम कॉलोनी
भवानीमंडी
जिला झालावाड़ राजस्थान
पिनकोड 326502



# TEACHERS OF BIHAR

## ToB बालमन कविता

HOLI

# होली

**क्या ये ही होली है ?**
**मितवन ये बतला तू जरा,**
**कि , क्या ये ही होली है ?**
**गेहूँ की बलियाँ झूम झूम,**
**हवा के संग जब नाचे लगी,**
**चना की फलियाँ सोनहाई लगी**
**मंजर आम मौराई लगी ,**
**और फलियन आँख नजराई लगी ,**
**फिर जायद फसल फूल आई गई,**
**किसानन चेहरन मुस्काई लगी,**
**फिर बैठ किसानन द्वार सब आपन,**
**करि लागै तैयारी,**
**ये ही सबन के देख के मितवन,**
**लागय होली आई गई।**

**मितवन ये बतला तू जरा,**
**कि ये ही, सब क्या होली है ?**
**जब सेमल, पलास, गुलमोहर फूल से,**
**जंगल में आग जब लगे लागय,**
**कोयल भबरण संग मिल-मिल के,**
**मधुर गान सुनाबे लागय,**
**सूरज के ताप दिन चढ़े लागय,**
**और हवा बसंती मोहे लागय,**
**फिर होंठ-होंठ चुप्पी साधय,**
**और, अखियन बाती करे लागय**
**फिर प्यार का रंग जब चढ़ी गयो तो**
**समझो ये ही होली है।**



**संजय**
**जिला शिक्षा पदाधिकारी**
**अररिया।**

# चेतना सत्र


UHS कोटा, नुआंव, कैमूर


उच्च माध्यमिक विद्यालय सैनो, जगदीशपुर
भागलपुर
UHS सैनो, जगदीशपुर, भागलपुर


उर्दू प्राथमिक विद्यालय करवंदीया , चांद, कैमूर


UHS सोनवर्षा, नुआंव, कैमूर

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी फल

### आंवला



मैं विटामिन-सी, कैल्शियम, एंटीऑक्सीडेंट्स, आयरन, पोटैशियम जैसे तमाम पोषक तत्वों का खजाना हूं|

### इमली



मुझमें विटामिन C, फ्लेवोनॉइड, कैरोटीन्स, और विटामिन B कॉम्प्लेक्स भरपूर मात्रा में पाया जाता है।

Anu priya

# ToB राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## महत्वपूर्ण ट्रॉफी

| उपलब्धि | खिलाड़ी |
|---|---|
| फीफा विश्व कप जीतने वाली पहली टीम | उरुग्वे (1930) |
| फीफा महिला विश्व कप जीतने वाली पहली टीम | अमेरीका (1991) |
| हॉकी विश्व कप जीतने वाली पहली टीम | पाकिस्तान (1971) |
| महिला हॉकी वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली टीम | नीदरलैंड्स (1974) |
| क्रिकेट विश्व कप जीतने वाली पहली टीम | वेस्ट इंडीज (1975) |
| महिला क्रिकेट विश्वकप जीतने वाली पहली टीम | इंगलैंड (1973) |
| विश्व टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप जीतने वाली पहली टीम | भारत (2007) |
| डेविस कप जीतने वाली पहली टीम | अमेरीका (1900) |
| फेड कप जीतने वाली पहली टीम | अमेरीका (1963) |
| मर्डेका कप जीतने वाली पहली टीम | हॉंगकॉंग (1957) |
| राइडर कप जीतने वाली पहली टीम | अमेरीका (1927) |
| थॉमस कप जीतने वाली पहली टीम | मलेशिया (1949) |
| उबर कप जीतने वाली पहली टीम | अमेरीका (1957) |
| सुदिरमन कप जीतने वाली पहली टीम | इंडोनेशिया (1989) |



## खेल सामान्य ज्ञान

1. **अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति का मुख्यालय कहाँ स्थित है? -** स्विट्जरलैंड

2. **1896 में, किस देश ने उद्घाटन ओलंपिक खेलों में सबसे अधिक पदक जीते? -** ग्रीस

3. **सिटियस, अल्टियस, फोर्टियस-ओलंपिक आदर्श वाक्य- का क्या मतलब है? -** तेज, उच्चतर, अधिक शक्तिशाली

4. **किस टीम खेल को आधुनिक ओलंपिक में शामिल किया गया था? -** पोलो डी'एक्यू

5. **कौन सा खेल मूल रूप से मिनोनेट के नाम से जाना जाता था? -** वॉलीबॉल

6. **कौन सा खेल अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग संघ FIDA द्वारा शासित है?–** शतरंज

7. **कैरम कौन सा खेल या गेम है?-** पूल

8. **प्रत्येक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में भाग लेने वाले एकमात्र पांच देश कौन से हैं? -** ग्रीस, स्विट्जरलैंड, फ्रांस, ग्रेट ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया

9. **पहला रिकॉर्डेड ओलंपिक कब आयोजित किया गया था? –** 776 ई

10. **फीफा महिला विश्व कप की ट्रॉफी किसने डिजाइन की है? -** विलियम सवाया

# TEACHERS OF BIHAR

## बालमन कविता

मार्च 2024

# यह कैसी विदाई

यह कैसी है विदाई, आती है बहुत रुलाई,
दोस्त सभी बनते थे, मेरी परछाई।
हंसते-हंसाते, होती रोज लड़ाई,
सखा सहेली छूट जाई, याद बहुत आई।।
इतना अच्छा मेरा स्कूल, इतनी अच्छी पढ़ाई,
गुरू जी से हिसाब सीखी, पाई- पाई।
रिश्ते नाते माता-पिता, बहन, भाई,
परिमाप, क्षेत्रफल लंबाई, चौड़ाई और ऊंचाई।।
इतने प्यारे मेरे गुरु, इनसे हुई जुदाई,
यह कैसी है विदाई, आती है बहुत रुलाई।
लगता है जी जान से, अब निकल जाई,
पाँच साल तक की पढ़ाई, अब कहां जाई।
दुआ है जहां जाई, वहां ऐसी ही हो पढ़ाई,
यह विद्यालय याद ना आए नहीं तो आएगी बहुत रुलाई।।
यह कैसी है विदाई, आती है बहुत रुलाई।।

शशिकान्त वर्मा (शिक्षक)
प्रा०वि० रामपुर, भभुआ-कैमूर

# ToB बालमन कविता

मार्च 2024

## परिंदो की आवाज़

खूबसूरत परिंदे!
न तुझे कोई सुनता,
न तुझे कोई समझता,
तु क्यों लोगों से है डरता।

तेरी आवाज़ है कितनी सुरीली,
मानो संगीत गूंज रही हो कहीं,
मनुष्यों ने अब तक तेरी आवाज़ न पहचानी,
तेरी सुहानी स्वर कहती है कुछ कहानी।

तिनका - तिनका जोड़ कर तु घोसला बनाती है,
धूप- छांव की फ़िक्र नही बस मेहनत करती जाती है,
दुख हो या खुशी हर पल तु चहकती रहती है,
निशब्द रहेकर भी तु बहुत कुछ कह जाती है।

तुम सब हो आकाश के भूपाल,
जिनको आजादी है प्यारी हर पल,
इंसानों को सिखाया तूने एक कला,
नभ को छूने वे भी निकल चला।

नाम - अक्स नाज
कक्षा- 10
ठाकुरगंज(किशनगंज)
बिहार




**ज्ञान की धरती बिहार के निवासियों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

www.teachersofbihar.org

पुनीता कुमारी

# ToB SCIENCE TLM

## पोषण

शरीर के अंदर होने वाली वे सभी क्रियाएं जिसके कारण जीव जीवित रहते हैं उसे जैवप्रक्रम कहते हैं।

**जैवप्रक्रम**

1. पोषण
2. श्वसन
3. परिवहन
4. उत्सर्जन






ये चारों प्रक्रिया जीवन जीने के लिए पर्याप्त है। एक कोशिकीय जीवों के साथ साथ बहुकोशिकीय जीवों में भी ये संपन्न होता है।



www.teachersofbihar.org

राजेश कुमार सिंह

- पोषण एक विशेष प्रकार का प्रक्रम है जिसमें जीव भोजन ग्रहण कर उसका समुचित उपयोग करते हैं ।
- एककोशिकीय एवं बहुकोशिकीय जीव दोनों में पोषण की प्रक्रिया संपन्न होती है।

### पोषण के प्रकार

| स्वपोषण | परपोषण |
| --- | --- |
| स्वपोषण वह पोषण है जिसमें जीवों में भोजन बनाने की क्षमता होती है। | परपोषण वह पोषण है जिसमें जीवों में भोजन बनाने की क्षमता नही होती है। |
| उदाहरण - हरे पेड़ पौधे साइनो बैक्टीरिया, हरा शैवाल | उदाहरण - कवक, सभी जन्तु , जीवाणु , |







# TEACHERS OF BIHAR

**ToB बालमन जानकारी**

# E. V. M.



## EVM को Electronic Voting Machine कहते है।

* ये पांच मीटर Cable द्वारा जुडी दो यूनिटों एक Control और दुसरी बैलैटिंग यूनिट से बनी होती है
* EVM में अलग अलग पार्टियों के चुनाव चिन्ह के सामने एक बटन होता है वोट डालने के लिए इस बटन को दबाया जाता है
* EVM को Battery की मदद से भी इस्तेमाल में लाया जा सकता है
* Bharat Electronics Limited और Electronic Corporation of India Limited इसके लिए बैटरी तैयार करते है
* EVM में अधिकतम 3840 वोट आ सकते है
* सामान्य तौर पर एक Polling Booth पर वोटर की संख्या 1500 से अधिक नही होती है ज्यादा संख्या होने पर मशीन की संख्या बढ़ा दी जाती है
* EVM अधिकतम 64 Candidates के लिए काम कर सकती है
* एक बैलैटिंग यूनिट में 16 candidates के लिए प्रावधान है 16 से ज्यादा कैंडिडेट्स होने पर पहली बैलैटिंग यूनिट के साथ दुसरी बैलैटिंग यूनिट जोड़ी जाती है इस तरह इसे 64 उम्मीदवारों के लिए तैयार किया जाता है
* इलेक्ट्रॉनिक Voting मशीन Bharat Electronics Limited और Electronic Corporation of India Limited की मदद से निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार और डिजाईन की गयी है
* 1989-90 में जब मशीने खरीदी गयी थी उस समय एक EVM की लागत 5500 रूपये थी
* इसके आने से काउंटिंग का समय कई गुना कम हो गया साथ ही वैलेट पेपर का खर्च भी बच गया
* आखिरी मतदाता द्वारा वोट डालने के बाद Control Unit इसके क्लोज बटन को दबा देता है जिसके बाद इसमें कोई नया वोट नही जाता हैं।

* 1980 में एच.बी.हनीफा ने भारत की पहली वोटिंग मशीन Electronically operated vote counting machine का अविष्कार किया जिसके वास्तविक डिजाईन को तमिलनाडू के 6 शहरों में प्रदर्शनी के लिए दिखाया गया।
* EVM के आने के बाद हर राष्ट्रीय चुनाव में लगभग 10 हजार टन बैलट पेपर की बचत होती है जिसकी कीमत हर यूनिट के लिए लगभग 10 हजार रूपये होती है।
* EVM को बैलट बॉक्सेस के मुकाबले कही अधिक आसानी से एक स्थान से दुसरे स्थान पर पालीप्रोप्लीन कैरी केस में ले जाया जा सकता है।
* EVM की वोट काउंटिंग भी बहुत फास्ट है और EVM को तो अशिक्षित लोगो ने भी बैलट पेपर के मुकाबले अधिक सुविधाजनक माना है।
* EVM के आने के बाद तो बोगस वोटिंग भी बंद हो चुकी है क्योंकि वोट केवल एक बार ही रिकॉर्ड होता है।
* एक यूनिट इसकी मेमोरी में रिजल्ट को तब तक स्टोर रखती है जब तक कि इसे manually किसी व्यक्ति द्वारा Erase ना किया जाए।
* EVM की बैटरी को भी तभी एक्टिवेट किया जाता है जब polling या वोट काउंटिंग शुरू होती है बाकि समय इसकी बैटरी को बंद किया जा सकता है।
* इंडियन EVM की शेल्फ लाइफ लगभग 15 वर्ष होती है।
* EVM को लेकर हर राजनितिक दल ने मुद्दा उठाया लेकिन हर बार EVM को गलत साबित करने में नाकाम रहे है।
* नेपाल ,भूटान नामीबिया और केन्या में भारत निर्मित EVM खरीदी है।
* EVM के जरिये पिछले कई सालों से चुनाव हो रहे हैं जो शत प्रतिशत सफल रहा है।

# ToB बालमंच भाग 1


गगनजीत कुशवाहा,वर्ग -७
मैकडोनाल्ड्स मध्य विद्यालय रोसड़ा समस्तीपुर
2024/3/28 07:13


अररिया , सौजन्य से आशीष सर

# ToB बालमंच भाग 2




किशनगंज



बरीरा बहार




अररिया



Aadya, Forbesganj

# ToB बालमंच भाग 3



सिमरन कुमारी,वर्ग पंचम, मध्य विद्यालय गलगलिया



# ToB बालमन शिक्षण अधिगम सामग्री (मार्च 2024 )

*** TLM का नाम और विवरण:- आइए साधारण भिन्न को समझें।**यह साड़ी के डिब्बा तथा एक वृताकार मोटे कागज की चकरी के सहारे बना हुआ TLM है जिससे साधारण भिन्न की समझ विकसित किया जा सकता है।

*** वर्ग कक्ष/वर्ग कक्षों का विवरण जिसके लिए TLM उपयुक्त है:- कक्षा 4 एवं 5**


*** अधिगम प्रतिफल का विवरण जिससे TLM संबंधित है:-** इस TLM के अधिगम प्रतिफल निम्नांकित हैं-

1. बच्चे भिन्नात्मक संख्याओं का मतलब बताते हैं।
2. समूह में वस्तुओं का कुछ खास हिस्सा बताते हैं।
3. बच्चे भिन्न का अर्थ बताते हैं।

*** TLM को इस्तेमाल करने के तरीके:-** डिब्बे को दोनों हाथों से पकड़ कर चकरी को घुमाया जाता है। इस प्रकार नीचे वाले विन्डो में कुछ आकृतियों के छायांकित भाग तथा ऊपर के छोटे विन्डो में उससे संबंधित भिन्न का मान प्रदर्शित होता है।

*** TLM के लिए आवश्यक सामग्री:-** साड़ी का डब्बा, मोटे कागज या प्लास्टिक का सफेद चकरी आदि।

*** अन्य महत्वपूर्ण जानकारी जो आवश्यक हो:-** कुछ विशेष नहीं।




## TLM। निर्माणकर्ता


**नाम:-** अवधेश राम
**विद्यालय का नाम:-** उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहुआरा
**प्रखंड:-** भभुआ
**जिला:-** कैमूर
**whatsapp no. :-** 8581943379
**email id:-** awadheshram54@gmail.com

# फोटो ऑफ द मंथ भाग 1



UHS कोटा, नुआंव, कैमूर, में कम्प्यूटर शिक्षा




प्राथमिक विद्यालय फुलवारी शरीफ, पटना




UHS बैजनाथ, रामगढ़, कैमूर

# फोटो ऑफ द मंथ भाग 2



उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय हरदासपुर के बच्चों द्वारा HM निर्देशन में हर्बल अबीर गुलाल का निर्माण कर पैकेट में पैक कर शनिवार को स्टाल लगाकर अभिभावकों एवम ग्रामीण जनता को बेचा गया, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में कलात्मक विकास के साथ उन्हें स्वालम्बी बनाना हैं।




UMS अर्रा, मोहनियां, कैमूर में बिहार दिवस



UHS कोटा, नुआंव में पोषण मेला

# फोटो ऑफ द मंथ भाग 3


UHS नरहन, रामगढ़ में विभिन्न ड्रेस में


NPS बेतरी बिंद टोला में प्रभात फेरी


बिहार दिवस 22 मार्च 2024 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय महुआरी भभुआ कैमूर

# फोटो ऑफ द मंथ भाग 4

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



UHS सोनवर्षा, नुआंव




PS रामपुर, भभुआ





UHS कोटा, नुआंव

# फोटो ऑफ द मंथ भाग



UHS सलथुआ कुदरा, कैमूर




प्राथमिक विद्यालय फुलवारी शरीफ, पटना



प्राथमिक विद्यालय धोबी टोला तिरसकुंड जिला अररिया के बच्चों की प्रस्तुति

Teachers of Bihar
The Change Makers
राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

[redacted]

## मनोवृत्ति

वस्तुतः मनोवृत्ति एक प्रवृत्ति होती है जिसके कारण व्यक्ति काम करने की ओर मुड़ता है। यह मूलतः जन्मजात है पर इसकी अभिव्यक्ति व्यावहारिक जीवन में भी तरह-तरह से होती है। ये व्यक्ति अथवा समूहों की भावनाओं और विश्वासों के पुंज होते हैं। ये दूसरे व्यक्तियों अथवा विचारों और घटनाओं के विषय में होते हैं।

# विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ





















# News coverage



# महत्वपूर्ण दिवस

3 मार्च -विश्व वन्यजीव दिवस
4 मार्च -राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस
8 मार्च -अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
12 मार्च -रामकृष्ण जयंती
15 मार्च -विश्व उपभोक्ता दिवस
20 मार्च -विश्व गौरैया दिवस
22 मार्च -बिहार दिवस




बालमन टीम चांद कैमूर



# Thank You

अगर आपको पत्रिका अच्छी लगी हो तो कृपया इसे अधिक से अधिक शेयर करे।

यदि आपके कोई सुझाव हो तो 9431680675 पर संपर्क कर सकते है।